हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, गुरुवार 1 जनवरी 2026

तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

6 फागुनदाह में हुआ विशाल हिंदू सम्मेलन, नौ गांवों के ग्रामीण हुए ...



5 सियादेवी जलाशय में एडवेंचर और राफ्टिंग ...





## खबर संक्षेप

### ग्राम देवगहन में मड़ई कल

**अंडा।** ग्राम देवगहन में समस्त ग्राम वासियों के तत्वाधान में 2 जनवरी दिन शुक्रवार को मड़ई का आयोजन रखा गया है, जिसमें रात्रिकालीन छत्तीसगढ़ लोक कला नाच पार्टी ग्राम घिना का कार्यक्रम रखा गया है, जिसकी जानकारी ग्रामपंचायत के सरपंच तुमेश्वर प्रसाद ठाकुर ने दी।

### पेंशनर की मासिक बैठक 3 जनवरी को

**बालोद/अर्जुन्दा।** छत्तीसगढ़ पेंशनर तहसील शाखा अर्जुंदा की मासिक बैठक माह के प्रथम शनिवार 3 जनवरी को होना था लेकिन कुछ करणों से उक्त तिथि की बैठक स्थगित कर 10 जनवरी शनिवार को आयोजित किया जायेगा। स्थान एवं समय पूर्व अनुसार रहेंगे। यह जानकारी सचिव सीएल देवांगन ने दी।

### जिला स्तरीय पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता 4 जनवरी को

**बालोद।** पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ बालोद द्वारा जिला स्तरीय पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन 4 जनवरी को सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम गंजपारा बालोद में प्रातः 9 बजे से शाम 6 बजे तक किया गया है। जिसमे संघ द्वारा दृष्टिबाधित, अस्थि बाधित तथा व्हील चेयर महिला, पुरूश दिव्यांगो के लिए आयोजित की गई है। जिसमे सब जूनियर वर्ग के तहत 8 से 15 वर्ष , जूनियर वर्ग के तहत 15–21 वर्ष , सीनियर वर्ग के तहत 21 वर्ष से उपर के प्रतिभागियो के लिए प्रतियोगिता रखी गई है। इस गिता में मुख्य रूप से 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर दौड़, लॉग जम्प, हाई जम्प, तवा फेक, गोला फेक, भाला फेक प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसमे समिति के अध्यक्ष कमलेश कुमार निशाद, सचिव दुष्यंत कुमार, कोशाध्यक्ष पवन कुमार, संरक्षक हरिराम कोर्राम तथा सदस्यो का सहयोग रहेगा।

### गोंड़ महासभा की मासिक बैठक 3 जनवरी को

**बालोद।** छत्तीसगढ़ गोण्डवाना गोंड़ महासभा जिला बालोद की मासिक बैठक 3 जनवरी को दोपहर 12 बजे सिवनी स्थित गोण्डवाना भवन में रखी गई है, जिसमें विशेष रूप से पिछले बैठक में प्रस्तावित जिला स्तरीय महाधिवेशन की तैयारी व कार्य प्रभार पर चर्चा किया जाना है, साथ ही सामाजिक नियमावली पर समीक्षा की जावेगी। बैठक में जिला स्तर के समस्त पदाधिकारी, बालोद, गुरुर, गुडरदेही, डौंडी, डौंडी लोहारा, दल्लीराजहरा व अर्जुन्दा तहसील अध्यक्ष व उनके सभी पदाधिकारी, सभी परिक्षेत्र के अध्यक्ष गण, महिला प्रकोष्ठ, युवा प्रकोष्ठ व अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के समस्त पदाधिकारी को उपस्थित होने की बात जिला अध्यक्ष प्रेमलाल कुंजाम ने किया है।

**प्रयास**

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के यशवंत जैन ने जल संकट पर किया प्रकाश

# तांदुला को स्वच्छ बनाने उमड़ा जनसैलाब कलेक्टर ने दिलाई जल संरक्षण की शपथ







हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

मंगलवार को तांदुला नदी को पुनः स्वच्छ सुंदर बनाने के लक्ष्य के साथ जनसमूह नदी की सफाई करने उमड़ पड़े। जिला प्रशासन द्वारा जिले में जल स्त्रोतों के साफ–सफाई एवं उनके संवर्धन तथा पुनरूद्धार करने के साथ जल संरक्षण के उपाय सुनिश्चित करने हेतु वर्ष 2025 के अंतिम दिन बालोद शहर व जिले के जीवनदायिनी तांदुला जलाशय के साफ–सफाई के माध्यम से नीर चेतना अभियान का शुभारंभ किया गया।

■ तांदुला नदी की सफाई में जनसमूह का व्यापक सहभागिता रही

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा शुरू किए गए इस अभियान के पहले दिन नदी के साफ–सफाई के इस पुनीत कार्य में सहभागिता सुनिश्चित करने लोगों का हुजुम उमड़ पड़ा। इस अवसर पर राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य यशवंत जैन, राज्य लघु वनोपज संघ के उपाध्यक्ष यज्ञदत्त शर्मा, जिला पंचायत बालोद अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर, नगर पालिका परिषद बालोद की अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू, शमशाद बेगम, कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल, जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख एवं पवन साहू, विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं स्वयं सेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों, मीडिया प्रतिनिधियों, महिला कमाण्डो, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की महिलाओं, अधिकारी–कर्मचारियों, एनएसएस, रेडक्रॉस के सदस्यों, छात्र–छात्रओं एवं आम नागरिकों ने अभियान में महत्वपूर्ण भागीदारी निभाई।





इस अवसर पर कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने जिले में चलाए जा रहे जल संरक्षण अभियान के अंतर्गत पानी के संरक्षण एवं संवर्धन करने तथा उसका विवेकपूर्ण उपयोग करने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में यज्ञदत्त शर्मा ने पानी के महत्व, आवश्यकता एवं पानी के लगातार विदोहन के फलस्वरुप भविष्य में आने वाले भीषण जल संकट के संबंध में प्रकाश डाला। उन्होंने तांदुला नदी के संरक्षण व संवर्धन के कार्य में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य यशवंत जैन ने लगातार गिरते जल स्तर पर चिंता व्यक्त करते हुए पानी के संरक्षण एवं संवर्धन के कार्य को आज के समय की प्रमुख आवश्यकता बताया। जैन ने कहा कि नहाते एवं गाड़ी धोने तथा अन्य दैनिक क्रियाकलापों के लिए पानी का कम उपयोग करने जैसे छोटे–छोटे प्रयासों से हम जल संरक्षण तथा जल संचयन की दिशा में महत्वपूर्ण भागीदारी सुनिश्चित कर सकते हैं।

कलेक्टर मिश्रा ने आशा व्यक्त किया कि जिला प्रशासन द्वारा शुरू किए गए इस नीर चेतना अभियान के माध्यम से जीवनदायिनी तांदुला नदी के समुचित साफ–सफाई एवं पुनरूद्धार सुनिश्चित हो सकेगा। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही यह नीर चेतना अभियान बालोद जिले में जल के संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में भी मील का पत्थर साबित होगा।

कलेक्टर मिश्रा ने कहा कि हवा और पानी मनुष्य के साथ–साथ संपूर्ण प्राणी जगत के लिए सर्व प्रमुख आवश्यकताओं में से एक है। उन्होंने आज से कुछ महीने पूर्व के तांदुला नदी के स्वरूप का उल्लेख करते हुए कहा कि जब वे बालोद जिले के कलेक्टर के रूप में पदभार ग्रहण की थी उस समय तांदुला नदी जल कुंभीयों से पटा हुआ था। लेकिन जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे जल संरक्षण एवं जल संवर्धन अभियान के फलस्वरूप आप सभी के सहयोग से तांदुला नदी में इस स्थान से जल कुंभी को साफ–सफाई करने में सफलता हासिल की है। उन्होंने कहा कि भविष्य में जल संकट की चुनौतियों की रोकथाम सुनिश्चित करने हेतु अभी से इसका समुचित उपाय सुनिश्चित करना आवश्यक है। मिश्रा ने कहा सभी को अपने दैनिक क्रियाकलाप, व्यवहार, तथा घरेलु दैनिक दिनचर्या के माध्यम से पानी के संरक्षण एवं संवर्धन की शुरूआत करना चाहिए। जिससे कि हमारे छोटे–छोटे प्रयासों से मनुष्य के अलावा सभी जीव–जंतुओं के जीवन की रक्षा हेतु अनुकूल परिवेश उपलब्ध हो सके।

## रेंगाडबरी में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी सुचारू रूप से जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

ब्लॉक मुख्यालय अंतर्गत वनांचल के रेंगाडबरी धान खरीदी केंद्र में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य सुचारू रूप से संचालित हो रहा है। किसानों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए खरीदी व्यवस्था व्यवस्थित एवं पारदर्शी ढंग से की जा रही है, जिससे क्षेत्र के किसान संतुष्ट नजर आ रहे हैं।

■ 492 किसान हो चुके लाभान्वित

धान खरीदी केंद्र के प्रबंधक रुद्र नारायण देशमुख ने जानकारी देते हुए बताया कि अब तक केंद्र में 23,483.60 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। इस दौरान 492 किसान लाभान्वित हो चुके हैं, जबकि 714 किसानों की धान खरीदी शेष है। उन्होंने बताया कि खरीदी कार्य लगातार जारी है और सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। समर्थन मूल्य पर हो रही धान खरीदी से किसानों में उत्साह देखा जा रहा है। केंद्र में किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए कर्मचारी एवं अधिकारी पूरी मुस्तैदी से कार्य कर रहे हैं।

धान खरीदी केंद्र में निरीक्षण एवं उपस्थिति के दौरान जनपद सदस्य मनकी बाई पड़ौती, अनिल , निरंजन पड़ौती , रेवाशंकर सोनी सहित किसान नारायण भंडारी, हरि भंडारी एवं अन्य किसान भाई उपस्थित रहे। ग्रामीण प्रतिनिधि नेमन साहू ने बताया कि धान खरीदी की सुव्यवस्थित व्यवस्था को लेकर किसानों ने संतोष व्यक्त किया और प्रशासन का आभार जताया।

कस्टम मिलिंग आदेश के उल्लंघन पर हुई सख्त कार्रवाई

## केजीएन राइस मिल चिरचारी को कस्टम मीलिंग में लापरवाही पर सील किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

धान की कस्टम मिलिंग प्रारंभ होने के बाद राईस मिलर के खिलाफ पहली कार्यवाही विकासखण्ड के केजीएन राईस मिल के खिलाफ की गई। बुधवार देर शाम राजस्व विभाग एवं खाद्य विभाग की संयुक्त टीम ने विकासखण्ड के ग्राम चिरचारी स्थित केजीएन राईस मिल को जांच उपरांत सील कर दिया गया है।

■ केजीएन राईस मिल में अवैध धान उठाव और जमा में कमी पाई गई, चावल जप्त



प्राप्त जानकारी के अनुसार यह कार्यवाही कस्टम मिलिंग में कथित लापरवाही करने के कारण की गई है। इस सत्र में किसी राईस मिल के खिलाफ यह पहली कार्यवाही है। गौरतलब है कि प्रशासन इस धान खरीदी सत्र में कड़ा रूख अपनाए हुए है। स्वयं जिला कलेक्टर लगातार विकासखण्ड के धान खरीदी केन्द्रो में जाकर निरीक्षण कर रही है। वे फुटकर धान व्यापारियों के गोदामो तक निरीक्षण के लिए जा रही है। जिससे पुरा प्रशासनिक अमला मुस्तैद है। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य के अंतर्गत बालोद जिले में धान की अवैध खरीदी–बिक्री पर रोकथाम सुनिश्चित करने राजस्व, खाद्य, सहकारिता एवं कृषि उपज मंडी के जांच दल के द्वारा निरंतर कार्रवाई की जा रही है। इसके अंतर्गत एसडीएम गुरूर रामकुमार सोनकर के नेतृत्व में जांच दल के द्वारा गुरूर विकासखण्ड के केजीएन राईस मिल चिरचारी के जांच के उपरांत राईस मिल का कस्टम मीलिंग पंजीयन नही होने से राईस मिल को सील करने कार्रवाई की गई।

रामकुमार सोनकर ने बताया कि केजीएन राईस मिल के जांच के दौरान पाया गया कि उक्त राईस मिल के द्वारा खरीद विपणन वर्ष 2024–25 में कस्टम मीलिंग का कार्य करने हेतु एफसीआई उसना में 96000 क्विंटल धान का अनुबंध किया गया था। राईस मिल के द्वारा जिसके विरूद्ध 56658.56 क्विंटल धान का उठाव किया गया है। जिसमें जमा करने योग्य चावल की मात्र 38913.099 क्विंटल है। उन्होंने बताया कि जांच में पाया गया कि आज दिनांक तक राईस मिल के द्वारा 28121.98 क्विंटल चावल एफसीआई में जमा किया गया है। इसके साथ ही जमा करने योग्य शेष चावल की मात्र 10791.119 क्विंटल है। जांच में पाया गया कि उक्त राईस मिल के द्वारा 70.26 प्रतिशत चावल जमा किया गया है।

एसडीएम श्री सोनकर ने बताया कि केजीएन राईस मिल के द्वारा जांच के समय तक खरीफ वर्ष 2025–26 में कस्टम मीलिंग हेतु ऑनलाईन पंजीयन नही किया गया है। जो कि छत्तीसगढ़ कस्टम मीलिंग चावल उपार्जन आदेश 2016 की कंडिका 4(1) का स्पष्ट उल्लंघन एवं उक्त आदेश कंडिका 09 के तहत दंडनीय है। जिसके फलस्वरूप जांच दल के द्वारा केजीएन राईस मिल को सील करने की कार्रवाई की गई एवं राईस मिल में उपलब्ध धान एवं चावल की जप्ती कर फर्म में उपस्थित राईस मिल के मूंशी रूपेश कुमार साहू की सुपुर्द में दे दिया गया है। जांच दल के अधिकारियों ▶▶| शेष पेज 05 पर

### पेंशनर समाज की बैठक 6 जनवरी को

**डौंडीलोहारा।** छत्तीसगढ़ पेंशनर समाज तहसील शाखा डौंडीलोहारा की आवश्यक बैठक 06 जनवरी 2026, मंगलवार को आयोजित की जाएगी। यह बैठक पेंशन भवन परियोजना कार्यालय के सामने, डौंडीलोहारा में संपन्न होगी। बैठक में जिला पेंशनर दिवस (अर्जुन्दा) एवं प्रांत स्तरीय पेंशनर दिवस की समीक्षा की जाएगी। साथ ही वर्ष 2026 की जिला सदस्यता एवं तहसील डौंडीलोहारा की सदस्यता ग्रहण को लेकर चर्चा की जाएगी। इसके अतिरिक्त संगठन की दृष्टि से तहसील डौंडीलोहारा के रेंगाडबरी एवं दुगली में बैठक आयोजन के संबंध में विचार-विमर्श कर निर्णय लिया जाएगा। बैठक के दौरान नए सदस्यों का सम्मान, तथा गत वर्ष की सदस्यता एवं सहयोग राशि की जानकारी भी प्रस्तुत की जाएगी। छत्तीसगढ़ पेंशनर समाज डौंडीलोहारा के अध्यक्ष सियाराम शार्वा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर सभी पेंशनर्स साथियों को नए वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए अधिक से अधिक संख्या में पेंशनरों से बैठक में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

**मनुष्य का योग सदैव किसी न किसी से जुड़ा है, बस दिशा बदलने की जरूरत**

## अष्टांग योग के आठ सूत्रों में छिपी है जीवन की सार्थकता, सिर्फ शारीरिक अभ्यास तक सीमित न रहें: प्रो. गिरीश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद






प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय बालोद के तत्वाधान में वाह जिंदगी वाह शिविर के पांचवे दिन राजयोग मेडिटेशन विषय पर बोलते हुए प्रो. ईवी. गिरीश ने कहा कि हमारा कहीं ना कहीं योग रहता ही है। चाहे व्यक्ति का व्यक्ति के साथ या व्यक्ति का किसी वस्तु के साथ या किसी परिस्थिति के साथ हो।

आज दुनिया में अनेक प्रकार के योग प्रचलित है। आज आसन और प्राणायाम को ही योग मान लिया गया है, जबकि पतंजलि अष्टांग योग में आठ सूत्र बताया गया है, उसमें से केवल दो ही सूत्र प्रचलित है आसन और प्राणायाम जो केवल शारीरिक अभ्यास है। श्रीमद् भगवत गीता में भी योग का वर्णन मिलता है, जैसे ज्ञानयोग, भक्तियोग, बुध्दियोग, कर्मयोग, सांख्ययोग आदि। सभी योगों में सर्वश्रेष्ठ योग राजयोग मेडिटेशन है। मेडिटेशन शब्द लैटिन के मेडिटेयो से लिया गया है, जिसका अर्थ है विचार करना। मेडिटेशन एक अभ्यास है, जिसमें व्यक्ति मानसिक रूप से स्पष्ट और भावनात्मक रूप से शांत अवस्था को प्राप्त करता है। राजयोग मेडिटेशन वह विधि है जिसके द्वारा हम अपने मन, बुध्दि के तार उस सर्वशक्तिवान परमात्मा से जोड़ते है और सहज रूप से प्रेम, शांति, आनंद और शक्ति की प्राप्ति करते है।

हम सभी की यही शिकायत होती है कि योग में मन एकाग्र नहीं होता, इधर–उधर भटकता है। तो इसका कारण है हमारी स्वयं के प्रति गलत मान्यताएं। हम स्वयं को देह समझकर, बॉडी कॉन्शियस होकर परमात्मा से संबंध जोड़ने का प्रयास करते है, जिसके कारण से हमारा परमात्मा से संबंध ना जुड़कर किसी व्यक्ति, वस्तु या सांसारिक बातों के तरफ बार–बार मन आकर्षित होता है। यह संसार एक रंगमंच है। हम इस विश्व नाटक के एक पात्र है। जिसे जो रोल मिला है वहीं वह अभिनय कर रहे है अगर यह बात हम गहराई से समझ ले तो कोई भी परिस्थिति हमें दुखी नही करेगा। हमारे मन को विचलित नहीं करेगा। हम हर परिस्थिति में शांत और खुश रहेंगे। राजयोग विषय पर बोलते हुए कहा कि हमारा मन प्रायः दो ही तरफ ज्यादातर जाता है। पहला जिसके साथ हमारा टकराव हो, संबंधो में कड़वाहट हो और दूसरा जहां हमारा लगाव हो या जिससे हमें कुछ न कुछ प्राप्ति हो। अगर हम अपना सर्व संबंध परमात्मा के साथ जोड़ लेते है तो हमें सर्व प्राप्ति एक से होने लगता है और मन सहज ही परमात्मा से जुट जाता है। अगर मै कौन हूं की गुत्थी को सुलझा लिए तो सब कुछ सहज हो जाएगा।

हम स्वयं को देह से न्यारा, एक ज्योति पुंज, एक पॉइंट ऑफ लाइट, चैतन्य शक्ति आत्मा समझते है और फिर परमात्मा से कनेक्ट होने का अभ्यास करते है तो सहज ही हम परमात्मा से योग युक्त हो सकते है।

परमात्मा का पहली श्रेष्ठ शिक्षा है इस देह के अभिमान को मन और बुध्दि से छोड़कर स्वयं को ज्योर्तिबिंदु आत्मा समझो। योग के लिए जरूरी है न्यारापन ▶▶| शेष पेज 05 पर

## मेट संघ का पंचवर्षीय चुनाव सम्पन्न हुआ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

ब्लॉक मनरेगा मेट संघ डौंडीलोहारा पंचवर्षीय चुनाव मां दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण डौंडीलोहारा में सम्पन्न हुआ। मुख्य चुनाव अधिकारी कीर्तन देवांगन जी संचालक प्रदेश मेंट संघ छ ग,सह चुनाव अधिकारी प्रीतम साहू सचिव जिला मेंट संघ बालोद ने शांति पूर्ण एवं निर्विरोध संपन्न करवाया। जिसमें संघ के नये अध्यक्ष भूषण बांसुरिया संजारी,उपाध्यक्ष अमीर दास कृषाणे चिलमगोटा, उपाध्यक्ष महिला खुमेश्वरी साहू खामतराई,सचिव पेरमु नायक गंजईड़ीह,सह सचिव ओमशंकर सहारे खैरा, सहसचिव महिला लता सांथर कोचेरा, कोषाध्यक्ष ओंकार साहू परसाडीह , मीडिया प्रभारी नेहरू कोसमा लमती, कार्यकारिणी सदस्य निर्मला साहू बगईकोन्हा, शिव कुमार पटेल चेबा नवागांव, मुकेश धनकर सिंगारपुर, पुरंजन साहू कोड़ेकसा ,राजेश राणा फरदफोड़, तुलाराम बनपेला ▶▶| शेष पेज 05 पर

# परहित सरिस धर्म नहिं भाई, पर पीड़ा सम नहिं अधमाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

दूसरों की भलाई के समान कोई दूसरा धर्म नहीं है इस सूत्र वाक्य को आधार बनाकर नगर के क्षीरसागर जीव दया आश्रम में आठ सालों से बेजुबान और लोगों की आस्था की प्रतीक गायों की सेवा की जा रही है। इस आश्रम में बीमार और घायल गायों की समाधि होने तक देखभाल की जाती है।

गाय जिसके साथ बारे में कहा जाता है कि उसमें देवी देवताओं का वास होता है। ग्रंथों में भी गायों की महिमा का बखान किया गया है, किंतु वर्तमान में उनकी दशा किसी से छुपी नहीं है। आस्था की प्रतीक गाएं अब लावारिश भटकने मजबूर है जिससे आए वह हादसे की शिकार भी हो रही है। खेदजनक विषय है कि घायल और बीमार गायों की सुध लेने से पशुपालक भी परहेज करने लगे है। गायों की दुर्दशा को देखते हुए आठ साल पहले नगर के कुछ सेवाभावी युवाओं ने जैन आचार्य विद्यासागर महाराज की प्रेरणा से क्षीरसागर जीव दया आश्रम की स्थापना किया था जो वर्तमान में जीव दया का बड़ा केंद्र बन गया है। इस आश्रम में पहले दिन एक गाय रखा गया था किंतु वर्तमान में यहां प्रतिमाह 20 से 25 बीमार, बूढ़ी और हादसे की शिकार गाएं आती हैं।

### बढ़ते जा रहा कारवां

एक गाय के साथ शुरू हुए इस आश्रम में मवेशियों के आने की संख्या लगातार बढ़ रही है साथ यहां होने वाले खर्च में अपना योगदान देने वालों की संख्या बढ़ रही है। नगर के अभिषेक, सुनील, प्रवेश, सतीश,धर्मेंद्र, दीपेश, राहुल राही, अनिल, महेश टावरी, महेंद्र मानिकपुरी, संजय, डोंगरगढ़ के नंदकिशोर अग्रवाल, राजनांदगांव नंदकिशोर भूतड़ा, भिलाई के विनोद जैन सहित अन्य गौ सेवा के लिए मदद करते आ रहे हैं।



### दर्द से निजात का प्रयास

शहर सहित आसपास गांवों ने हादसा होने या किसी गाय के बीमार होने की खबर मिलने पर आश्रम के सेवाभावी लोग किट के साथ मौके पर पहुंच कर उपचार करते है। स्थिति के क्रिटिकल होने पर गाय को आश्रम में लाकर उपचार किया जाता है। यहां बिना सरकारी मदद के उपचार के साथ आहार का प्रबंध है।

### फिजूलखर्ची से तौबा

आश्रम में होने वाली मवेशियों की देखभाल को देखकर लोगों की सोच में भी बदलाव आया है। बर्थडे, सालगिरह , न्यू इयर की पार्टी में फिजूलखर्ची करने के बजाए लोग अब स्वस्फूर्त आर्थिक सहयोग करने लगे हैं।

### छोटे बच्चों जैसी देखभाल

नाम के अनुरूप इस आश्रम में दया का भाव रखते हुए बूढ़ी, बीमार और जख्मी गायों की बच्चों के समान देखभाल की जाती है। नगर के अनिल जैन, बीरेंद्र, आलोक ने यहां सेवा देना अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल कर रखा है। वहीं अभिषेक, प्रवेश, सुजीत, अनंत, टुकटुक सक्षम, सिद्धार्थ, चीकू, रितिक, अक्षय, राहुल सोनी, अशोक देवांगन गोधन की सेवा में तत्पर रहते है। इस आश्रम में गायों की देखभाल तो किया जाता है साथ ही जब ऐसा लगता है मवेशी की आयु पूरी हो गई है तो नियमित रूप में णमोकार मंत्र सुनाकर समाधि कराया जाता है।

## खबर संक्षेप

### महाराजपुर मंडई दो को

**चिचोला।** महाराजपुर में नववर्ष के अवसर पर 2 जनवरी को मंडाई मेला का आयोजन रखा गया है। रात्रि में लोगो के मनोरंजन के लिए रंगधारा ओनवा रावेली के कार्यक्रम का मंचन होगा। इसी क्रम में 4 जनवरी को रामचरित्र मानस सम्मेलन का आयोजन रखा गया है। यह जानकारी त्रिलोक कंवर एवं मनोज साहू ने दी।

### खैरा नवापारा में मनी घासीदास जयंती

**सड़क अतरिया।** ग्राम पंचायत खैरा नवापारा में मंगलवार को गुरू घासीदास जयंती श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाया गया। अतिथि पूर्व विधायक कोमल जंघेल, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार एवं सरपंच संघ अध्यक्ष प्रकाश जंघेल थे। अतिथियों के स्वागत बाद गुरू घासीदास के चित्र पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना किया गया। जैत खाम पर पाला चढ़ाया गया। इस मौके पर श्री जंघेल ने घासीदास के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्श को अपनाने कहा। श्री ताम्रकार ने त्याग, तपस्या, निष्ठा और लोगों को जोड़ने के विचारों को नमन कर विचारों को अपनाने की बात कही। इस मौके पर केसलाल मंडावी, बोधन सिंह मेरावी, रोशन जंघेल, किशुन मिर्चे, रामजी भारती सहित अन्य मौजूद थे।



### मानस गायन स्पर्धा 10 से

**पटेवा।** पटेवा में आयोजन समिति एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में मानस गान प्रतियोगिता का आयोजन 10 एवं 11 जनवरी को किया गया है। जिसमें ख्याति प्राप्त 20 मानस मंडलियों को प्रवेश दिया गया है। इसी दिनांक को हरडुवा, सलोनी, छोटे टेमरी में भी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है।

### दाखिला बढ़ाने दिया गया मार्गदर्शन

**टेडेसरा।** स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में गत दिनों प्रधानाचार्यों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सह प्रांत प्रमुख चिंताराम साहू, प्रांतीय कोषाध्यक्ष सुदामाराम साहू, जिला अध्यक्ष ग्राम भारती बुंदा वर्मा, तिलक सिन्हा, अनिल साहू, पूनमचंद साहू के अलावा 19 प्रधानाचार्य शामिल हुए। सुदामा साहू ने प्रान्त की योजना के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने मकर संक्रांति पर्व पर भैया, बहनों को अन्न दान हेतु प्रेरित करने, बसंत पंचमी को विद्याआरंभ संस्कार आयोजित कर अधिक से अधिक प्रवेश कराने कहा गया। शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम, नवोदय, प्रयास परीक्षा की तैयारी कराने मार्गदर्शन दिया गया। अंत में जिला ग्राम भारती अध्यक्ष श्रीमती वर्मा ने आभार ज्ञापित करते हुए प्रधानाचार्यों क्रो आगामी कार्य योजना बनाने प्रेरित किया। यह जानकारी प्रधानाचार्य धनीराम यादव ने दी।



### छात्रों को उपचारात्मक शिक्षा

**जेवरतला रोड।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा की वाणिज्य व्याख्याता हेपशीबा एंथोनी सितंबर से निरंतर स्वैच्छिक उपचारात्मक शिक्षण दिया जा रहा है। तिमाही और अर्द्धवार्षिक के प्राप्तांको के आधार पर विद्यार्थियों को विभिन्न समूहो में बांटते हुए कठिन चैप्टर पर व्यक्तिगत तौर पर ध्यान देते हुए अतिरिक्त अभ्यास कराया जा रहा है ताकि उनकी कमियां दूर हो सके। प्राचार्य आरके देवांगन ने व्याख्याता एंथोनी के प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा कि उपचारात्मक शिक्षण से बोर्ड परीक्षा का परिणाम बेहतर रहता है।



### बाल दिवस पर शहादत को किया नमन

**डोंगरगांव।** डॉ. बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय में गत दिनों वीर बाल दिवस मनाया गया। हिंदी विभाग के संभागार में प्राचार्य डॉ. एके धमगाये के मार्गदर्शन तथा रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ.आशाराम साहू, प्रो. प्रियंकी गजभिए के नेतृत्व में वीर बाल दिवस पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस मौके पर प्राचार्य ने वीर बाल दिवस मनाए जाने के उद्देश्य पर अपनी बात रखी। उन्होंने बताया कि सिक्ख धर्म के दसवें गुरु गोविंद सिंह के पुत्र जोरावर सिंह और फतेह सिंह ने बलिदान दिया था जिसकी स्मृति में यह दिन मनाया जाता है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल हुए।



### पटपर में मंडई आज

**मेढ़ा।** ग्राम पंचायत पटपर में कल 1 जनवरी को मंडई मेला का आयोजन रखा गया है। रात्रि मे नवा किरण छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी भंडारपुर का कार्यक्रम होगा। इसी तरह 3 जनवरी को नवागांव मेंढ़ा में मंडई मेला का आयोजन रखा गया है। रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम चिन्हारी का आयोजन होगा।

### हास्पिटल में समय पर कोई नहीं पहुंचता

# लापरवाही में मरीज इलाज के लिए भटकने मजबूर

## ग्राम पंचायत बुंदेली का हाल बेहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

ग्राम पंचायत बुन्देली में प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र खुलने से गांव सहित आस पास लोगों ने राहत की सांस लिया था। उन्हे उम्मीद थी कि अब उन्हें बीमारी के ईलाज कराने के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। ग्राम में प्राथमिक स्वास्थ खुलने तथा चिकित्सक की नियुक्ति होने के बाद भी ग्रामीणों को यथोचित लाभ नहीं मिल रहा है।

जानकारी के अनुसार चिकित्सालय खुलने के समय मरीज यहां पहुंच जाते है और उन्हे चिकित्सक का घंटों इंतजार करना पड़ता है। कई बार तो ऐसा होता है कि मरीजों को बिना इलाज कराए ही लौटना पड़ जाता है। यह हालात बुधवार को भी देखने को मिली। मरीज चिकित्सालय पहुंच गए थे किन्तु घंटों बाद भी न चिकित्सक पहुंचा और न कोई अन्य कर्मचारी। इलाज कराने पहुंचा तिहारू चेलक ने बताया कि वह इलाज कराने चिकित्सालय आया था। घंटा भर से अधिक समय तक अंतजार करने के बाद भी चिकित्सक के नहीं आने से इलाज नहीं हो पाया है।



### मुख्यालय में निवास नहीं

जानकारी अनुसार सरकारी कर्मचारी को मुख्यालय या आस पास निवास करना होता है। ताकि समय पर कार्यस्थल पहुंच सके। पर यहां ऐसा नहीं हो रहा है। यहां के कर्मचारी लम्बी दूरी तय कर चिकित्सालय पहुंचते हैं जिस कारण समय पर कर्मचारी उपलब्ध नहीं रहते। ग्रामीणों ने चिकित्सक एवं कर्मचारियों को मुख्यालय में निवास करने हेतु निर्देशित करने की मांग की है।

### बीएमओ से शिकायत

मरीज एवं ग्रामीणों की लगातार शिकायत के बाद सरपंच दिवाकर सोनी ने खंड चिकित्सा अधिकारी को आवेदन देकर चिकित्सा व्यवस्था को लेकर शिकायत की है। जानकारी अनुसार उक्त चिकित्सालय में नियुक्त डां एम चन्द्रवंशी को बुधवार को रैमाडवा स्वास्थ केन्द्र व्यवस्था में भेजा गया था किन्तु वह वहां भी समय पर नहीं पहुंचे थे।

### आरोप निराधार

ग्रामीणों का आरोप निराधार है। सभी कर्मी समय पर अस्पताल पहुंचकर लोगों का उपचार करते हैं।

- डॉ. एम. चन्द्रवंशी

### मरीजों से दुर्व्यवहार

सरपंच दिवाकर सोनी ने बताया कि चिकित्सक कभी भी समय पर नहीं पहुंच रहा है। मरीज इलाज कराने जाते हैं उनके साथ बुरा व्यवहार करने की शिकायत लगातार मिल रही है। उन्होंने बताया कि चिकित्सक कई बार तो मरीजों पर हाथ भी उठा देता है। इस शिकायत को लेकर सरपंच सहित युवराज, भगवती पाल, उमेश कुमार, ईश्वर, ओमप्रकाश, महेन्द्र कुमार, रामकिशन, आशीष, लोकेश, कुबेर, चन्द्रभान, विनय, चन्द्रेश सहित अन्य ग्रामीणों ने स्वास्थ अधिकारी से मुलाकात की है।

# औंधी क्षेत्र को आज मिलेगी नई सौगात




हरिभूमि न्यूज ⏭ औंधी

नए साल के आगमन के साथ ग्राम एक नई करवट लेने वाला है। दशकों तक दूरी और दुर्गमता की पहचान रखने वाला इस क्षेत्र में प्रशासन अब लोगों के करीब हो जाएगा। कल एक जनवरी का सभी नए साल का स्वागत करेंगे तब औंधी के 114 गांवों के ग्रामीणों को तहसील कार्यालय भवन सौगात के रूप में मिलेगा। इसकी शुरूवात के बाद ग्रामीणों की सालों पुरानी उम्मीद साकार रूप लेगी।

उल्लेखनीय है कि अंचल के लोगों को राजस्व संबंधी काम के लिए अब तक 70 किमी की दूरी तय करना पड़ता था। तहसील कार्यालय के शुरू होने के साथ यह सफर चंद कदमों में सिमट जाएगा। यह बताना जरूरी है कि 22 सितंबर 2023 को औंधी को तहसील का दर्जा मिला था। इससे पहले लोगों को जमीन का नक्शा, आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र आदि के लिए मानपुर जाना पड़ता था।

### सालों का सपना होगा साकार

कार्यालय भवन के उद्घाटन के साथ अंचल की 45 से 50 हजार की आबादी अब मुख्यधारा से जुड़ा महसूस करेगी। राजस्व संबंधी मामलों के तेजी से निराकरण होने के साथ प्रशासनिक कसावट आने की उम्मीद है।

### डिजिटल क्रांति और प्रशासनिक सक्रियता

औंधी तहसील का गठन केवल फाइलों का बंटवारा नहीं था, बल्कि यह डिजिटल इंडिया को वनांचल तक पहुँचाने का प्रयास था। तहसील कार्यालय में आधार केंद्र खुलने से आदिवासियों को बैंक केवाईसी, राशन कार्ड लिंकिंग और किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं का लाभ बिना बिचौलिए के मिल रहा है। पट्टों के सत्यापन और वितरण में औंधी ने मिसाल पेश की है।

## विशिष्ट सेवा वाले युवाओं का सम्मान



**चिचोला।** नागरकोहरा में बीते दिनों सम्मान समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के वह युवा जो सेना, शिक्षा, पुलिस, पंचायत विभाग में सेवा दे रहे है का सम्मान रामचरित मानस प्रचार समिति ने किया। मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा थे। अध्यक्षता अशोक मरकाम ने की। कार्यक्रम में सरपंच रेवती कंवर, कुंदन बडोले, पीताम्बर कंवर, नूतन राम साहू, खिलेन्द्र साहू, छगन लाल साहू, चंद्रभान साहू, ढेलू राम साहू, केवल राम साहू, भारत साहू, रवि वैष्णव, ऊदल सिंग कंवर, श्रवण ठाकुर, शत्रुघ्न साहू, भगवान दास साहू, इन्द्र कुमार साहू, पुरन साहू, यादव साहू,पुनऊ साहू, देवराम ठाकुर, मोरध्वज साहू, किशोर सहारे, हेमंत निर्मलकर, शिवनारायण सिन्हा, लीलू कंवर, दलेश साहू, होरीराम, नेमीचन्द्र साहू, गोविंद ठाकुर, लिखन साहू आदि शामिल हुए।

# शिशु मंदिर में सप्त शक्ति संगम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में गत दिनों सप्त शक्ति संगम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि सरपंच ललिता साहू थी। अध्यक्षता बूंदा वर्मा ने की। वक्ता खुशबू रानी साहू, नेहा विजय जैन, विशिष्ट अतिथि चंद्रकला सोनकर एवं गायत्री साहू थी। शुभारंभ के बाद अतिथियों परिचय कराया गया। दीदियों ने समूह गीत एवं प्रस्तावना प्रस्तुत किया। भारत की साहसी महिलाएं, छत्तीसगढ़ महतारी, रानी लक्ष्मीबाई, अहिल्याबाई होल्कर, पहली शिक्षिका सावित्रीबाई फुले, राष्ट्रपति द्रोपति मुर्मू, महिला क्रिकेटर हरमनप्रीत कौर, विश्व विजेता कबड्डी संजू देवी, रानी दुर्गावती आदि की वेशभूषा धारण कर बहनों ने अलौकिक अभिनय कर महिलाओं को उनकी शक्ति का एहसास कराया। वक्ता खुशबू रानी साहू ने कुटुंब प्रबोधन में भारतीय दृष्टि एवं पर्यावरण, नेहा विजय जैन ने विकास में महिलाओं के योगदान पर अपने विचार रखे।इस मौके पर प्रश्नोत्तरी एवं खेल की विजेता महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान हेमराय सिन्हा, छन्नूलाल हिरवानी, डामन जोशी, कुलेश्वरी साहू, आशा साहू, राधा इंदोरिया, प्रियंका, अर्चना यदु, भूपेश्वरी, विनीता, इंद्रजीत साहू, डिकेश साहू, तोरण सोनकर, पालेंद्र नेताम उपस्थित थे।




### कांग्रेस ने घेरा खाद्य विभाग, राशन संबंधी मामलों को उठाया

# केवाईसी नहीं होने से राशन वितरण अटका

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

समय पर राशन दुकानें नहीं खुलने, महिला समूह पर राशन दुकान समर्पण करने दबाव, केवाईसी नहीं होने पर राशन आबंटन रोकने सहित अन्य मुद्दों को लेकर शहर कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार के नेतृत्व में आज बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचकर खाद्य विभाग का घेराव किया। कांग्रेस कमेटी द्वारा खाद्य विभाग से जानकारी मांगी गई है कि कितनी राशन दुकानों को निरस्त किया गया और किसे आबांटित किया गया है। वहीं ई-केवाईसी नहीं होने पर कितने लोगों का राशन रोक दिया गया है। इसके साथ ही कांग्रेस कमेटी ने कहा कि राशन दुकानें समय-बे-समय खुलती है। उन्होंने मांग करते कहा कि सभी राशन दुकान सुबह 10 से 5 बजे तक खुली रहे, इसकी नोटिस विभाग द्वारा चस्पा कराई जाए।



### दुकान समर्पण करने दबाव

खाद्य विभाग का घेराव के मामले में शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने कहा कि केवाईसी नहीं होने के नाम पर बुजुर्गों, बच्चों का राशन राज्य सरकार ने बंद कर दिया है। उन्होंने कहा कि ई-केवाईसी की प्रक्रिया होती रहेगी, लेकिन राशन नहीं रोका जाना चाहिए। वहीं उन्होंने बताया कि शहर की लगभग 20 दुकान है, जिसे महिला समूह द्वारा संचालित की जा रही है, उसे टारगेट करते दुकानों को सरेंडर करने दबाव बनाया जा रहा है, ताकि इन दुकानों का आबंटन भाजपा से जुड़े लोगों को कर सके।

### नियमानुसार हो रही कार्रवाई

कांग्रेस के आरोपों को लेकर खाद्य अधिकारी रविंद्र सोनी ने कहा कि दुकान खोलने और बंद होने का समय राशन दुकानों के बाहर चस्पा कराया जाएगा। वहीं ई-केवाईसी सभी राशन कार्डधारी को करना अनिवार्य है, तभी राशन का आबंटन होगा। वहीं उन्होंने बताया कि राशन दुकानों पर नियमानुसार पीडीएस कंट्रोल ऑर्डर के तहत ही कार्रवाई होगी और गलत करने वाले दुकानदारों पर भी कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार का दबावपूर्वक दुकानों को समर्पण नहीं कराया जा रहा है, जो दुकान नियम अनुसार नहीं चल रही है और बेनामी चल रही है, जहां अनियमितता है उस पर कार्रवाई जारी रहेगी।

## बाल विवाह उन्मूलन का लिया संकल्प

**जेवरतला रोड।** महिला एवं बाल विकास विभाग के बाल विवाह उन्मूलन अभियान के तहत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में संगोष्ठी एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस मौके पर कक्षा 11वीं की पल्लवी, पायल, साधना, देविका, दिव्या, हिमानी, ललिता, लीलम, निधि ने एक संदेश परक नुक्कड़ नाटक व्याख्याता हेपशीबा एंथोनी के मार्गदर्शन प्रस्तुत किया। प्रभारी प्राचार्य टी एल देवांगन ने कहा कि बाल विवाह की कुप्रथा को समाप्त करने पर जोर दिया। व्याख्याता रेशमी साहू ने बाल विवाह को सामाजिक बुराई बताते हुए कहा कि प्रतिबंधित के बाद भी देश में बाल विवाह हो रहे हैं। इस दौरान व्याख्याता पवन सिन्हा, हेपशीबा एंथोनी ने भी संबोधित किया। संचालन व्याख्याता अजय पाठक ने किया।

## खबर संक्षेप

### डीलापहरी में 7 तक शिवमहापुराण कथा

**राजनांदगांव।** ग्राम डीलापहरी में शिवमहापुराण कथा का आयोजन समस्त महिला समूह एवं ग्रामवासियों द्वारा किया जा रहा है। कथावाचक आचार्य पं. अनिल कृष्ण तिवारी महाराज के श्रीमुख से शिवकथा ज्ञान रूपी गंगा प्रवाहित होगी। 30 दिसंबर को कलश यात्रा, वेदीपूजन, कथामहात्म, 31 दिसंबर को शिवलिंग उत्पत्ति, नारद मोह, नंदी जन्म, 01 जनवरी 2026 को सृष्टि वर्णन, शमी मंदार, रूद्राक्ष महोत्सव, 02 जनवरी को सती चरित्र, ताड़कासुर कथा, शिव पार्वती विवाह, 03 जनवरी को संतान वर्णन, गणेश-कार्तिक जन्म कथा, 04 जनवरी को अंधक जन्म, जांलधर, गंगावतरण कथा, 05 जनवरी को सोलह सोमवार, भष्मासुर कथा, पशुपतिनाथ कथा, 06 जनवरी को द्वादश ज्योतिर्लिंग कथा, चढ़ोत्तरी, शोभायात्रा, 07 जनवरी को कंकण में शंकर, पूर्णाहूति, महाप्रसादी होगा।

### जयपुर में वैष्णव राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सम्मानित

**राजनांदगांव।** अखिल भारतीय वैष्णव सेवा संघ मुम्बई की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक 28 दिसंबर को जयपुर राजस्थान में छुईखदान छोटे राजा परिवार के लतारानी लाल जेके वैष्णव राष्ट्रीय उपाध्यक्ष का सम्मान हुआ। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लाल जेके वैष्णव ने कहा कि वैष्णव का गुरू वैष्णव ही होना चाहिए। सभी वैष्णवजन को जनेऊ पहनने, तिलक लगाकर तुलसी कंठी माला धारण करने के आध्यात्मिक महत्व को रेखांकित किया। बैठक में भगवान श्री लक्ष्मीनारायण की पूजा, प्रार्थना पश्चात कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। राष्ट्रीय कार्यकारिणी पिछले बैठक का आयोजन रायपुर होटल बेबीलोन में आयोजित हुआ। बैठक का आभार प्रकट करते राष्ट्रीय महासचिव ओपी बैरागी ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। जिसका सभी ने समर्थन किया। आगामी राष्ट्रीय अधिवेशन अयोध्याधाम उत्तरप्रदेश में आयोजित करने योगेन्द्र महंत इंदौर पूर्व राज्यमंत्री मध्यप्रदेश को सर्वसम्मति से संयोजक बनाया गया। उक्त जानकारी संजय वैष्णव मीडिया प्रभारी ने दिया।

### वृद्धजनों को भोजन, मिष्ठान व मोजे वितरित

**राजनांदगांव।** लायंस क्लब के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष ला. एपी सिंह के जन्मदिवस पर रीजन-7 के रीजन चेयरमैन एमजेएफ ला. राजकुमार शर्मा ने अपने रीजन की ओर से रीजन के सदस्यों को आमंत्रित कर स्थानीय वृद्धा आश्रम में वृद्धजनों को भोजन, मिष्ठान एवं मोजे का वितरण किया गया। कार्यक्रम में रीजन सचिव ला. प्रकाश सांखला, ला. शोभा चौरसिया ने सहभागिता निभाई। यह जानकारी ला. अनीता जैन ने दी।

### निगम की टीम ने पकड़े 8 मवेशी

**राजनांदगांव।** मवेशी धरपकड़ के लिए नगर निगम की गठित टीम शहर के प्रमुख चौक-चौराहों का निरीक्षण कर एवं शिकायत के आधार पर घुमंतू एवं बैठे मवेशियों को पकड़ने की कार्रवाई कर रही है। साथ ही प्रतिदिन रात्रि में टीम मेन रोड एवं मुख्य चौक-चौराहों में बैठे मवेशियों को हकालने का काम भी करती है। मंगलवार को कैलाश नगर, मठपारा, गंज चौक, नंदई, ब्राम्हणपारा, गांधी चौक क्षेत्र से 8 घुमंतू मवेशियों की धरपकड़ की गई। मवेशियों को कन्हारपुरी कांजी हाउस में रखा गया है, जहां उन्हें मंडी से बचे फल-सब्जी का पौष्टिक आहार दिया जा रहा है। साथ ही निदान 1100 में किए शिकायत तथा अन्य शिकायतों पर भी मवेशी पकड़ निराकरण किया जाता है।

---

**सुविधा**

**कलेक्टर दिव्या मिश्रा ने केंद्र का विधिवत उद्घाटन किया**

# सियादेवी जलाशय में एडवेंचर और राफ्टिंग सेंटर का हुआ शुभारंभ






हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

मनोरम प्राकृतिक वादियों पर स्थित सियादेवी जलाशय शीघ्र ही इकोटूरिज्म के महत्वपूर्ण केन्द्र के रूप में स्थापित होकर जिले के प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में अपना पहचान कायम करेगा।

■ जिले का प्रमुख पर्यटन स्थल बनने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा गुरूर विकासखण्ड के ग्राम नारागांव स्थित सियादेवी जलाशय में एडवेंचर एवं राफ्टिंग सेंटर के शुभारंभ अवसर पर अपना उद्गार व्यक्त कर रही थी। इस अवसर पर कलेक्टर ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में एडवेंचर एवं राफ्टिंग सेंटर का विधिवत शुभारंभ किया। कलेक्टर मिश्रा ने कहा कि प्रकृति के मनोरम वादियों के बीच स्थित होने के कारण सियादेवी जलाशय का यह बेहतरीन एडवेंचर एवं राफ्टिंग सेंटर शीघ्र ही बेहतरीन पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित होने के साथ-साथ स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने का कारगर माध्यम बनेगा। इस अवसर पर जनपद पंचायत गुरूर अध्यक्ष सुनीता संजय साहू सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के अलावा स्थानीय जनप्रतिनिधियों तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं पर्यटकगण उपस्थित थे। इस दौरान





कलेक्टर एवं अधिकारियों ने बैम्बू राफ्टिंग में बैठकर मनोरम सियादेवी जलाशय का सैर भी किया। उन्होंने कहा कि हम सभी के लिए खुशी की बात है कि इस एडवेंचर एवं राफ्टिंग सेंटर के शुभारंभ होने से 01 जनवरी 2026 से स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध होना शुरू हो जाएगा। मिश्रा ने आशा व्यक्त किया कि इस एडवेंचर एवं राफ्टिंग सेंटर के माध्यम से ग्रामीणों के लिए बेहतर रोजगार के अवसर पर सुनिश्चित हो सकेगा। उन्होंने आशा व्यक्त किया कि नारागांव जलाशय का यह क्षेत्र अपने अनुपम प्राकृतिक सौंदर्य एवं बेहतरीन परिवेश के कारण एक खुबसूरत एवं वृहद पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित होगा।

उन्होंने नारागांव एवं अंचल वासियों को एडवेंचर एवं राफ्टिंग सेंटर का समुचित देखभाल करने तथा इसकी साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने को कहा। कलेक्टर ने नारागांव सहित एडवेंचर एवं राफ्टिंग सेंटर क्षेत्र के विकास हेतु जिला प्रशासन द्वारा हर संभव मदद उलपब्ध कराने तथा नहर की रिपेयरिंग हेतु शीघ्र ही शासन को प्रस्ताव भेजकर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने का भी आश्वासन दिया।

कार्यक्रम में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा अंचल वासियों के सहयोग से नारागांव जलाशय में एडवेंचर एवं राफ्टिंग सेंटर प्रारंभ कर जिले में इकोटूरिज्म को बढ़ावा देने हेतु बेहतरीन नवाचार किया गया है। उन्होंने कहा कि आज के इस भाग-दौड़ के समय में एडवेंचर आवश्यक होने के साथ-साथ इसकी व्यापक संभावनाएं भी है। अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक ने कहा कि हम सभी का छोटा-छोटा प्रयास बालोद जिले को पर्यटन के क्षेत्र में विशिष्ट पहचान दिलाने की दिशा में अत्यंत निर्णायक साबित होगा। अपर कलेक्टर अजय किशोर लकरा ने एडवेंचर एवं राफ्टिंग सेंटर की सराहना करते हुए इसे जिले के पर्यटन क्षेत्र के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। जनपद अध्यक्ष सुनीता संजय साहू ने कहा इससे ग्रामीण युवको को रोजगार के माध्यम मिलेगा एवं गुरूर विकासखण्ड की पहचान पूरे प्रदेश में होगी। इस अवसर पर उन्होंने सियादेवी जलाशय के इस पर्यटन क्षेत्र के विकास के लिए मदद उलपब्ध कराने की मांग भी की।

---

# भामाशाह ब्लड डोनेट ग्रुप ने दी मानवता की मिसाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

जहां कई सामाजिक संस्थाएं गरीबों को भोजन अथवा आर्थिक सहायता उपलब्ध कराती हैं, वहीं छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में भामाशाह ब्लड डोनेट ग्रुप एक ऐसा सक्रिय युवा संगठन बनकर उभरा है, जो गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों की जान बचाने के लिए निःशुल्क रक्तदान कर रहा है। समाजसेवी मेघनाथ साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि भामाशाह ब्लड डोनेट ग्रुप पिछले एक वर्ष से लगातार सक्रिय रहकर जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध करा रहा है। संगठन का मुख्य उद्देश्य है कि किसी भी मरीज की मौत रक्त की कमी के कारण न हो।

■ रक्त की कमी से कोई न मरे- भामाशाह ग्रुप का संकल्प

उन्होंने बताया कि जैसे ही किसी मरीज को रक्त की आवश्यकता की सूचना मिलती है, ग्रुप से जुड़े युवा साथी तुरंत अस्पताल पहुंचकर रक्तदान करते हैं। यह सेवा पूरी तरह निःशुल्क है, और मरीजों से किसी भी प्रकार का कोई शुल्क नहीं लिया जाता। भामाशाह ब्लड डोनेट ग्रुप से बड़ी संख्या में युवा जुड़े हुए हैं और लगातार नए युवा रक्तदान के लिए आगे आ रहे हैं। संगठन से जुड़े सभी युवा समाजसेवा की भावना से प्रेरित होकर हर जरूरतमंद की मदद के लिए तत्पर रहते हैं। इसी क्रम में जिला अस्पताल बालोद में ग्राम चिल्हाटी कला के यशवंत साहू, विक्रम साहू, महेंद्र साहू एवं भुवन लाल साहू द्वारा 21वीं बार रक्तदान किया गया, जो युवाओं की सेवा भावना और समर्पण का उत्कृष्ट उदाहरण है। भामाशाह ग्रुप की कोशिश बस इतनी है कि किसी मरीज की जान सिर्फ खून की कमी की वजह से न जाए। यह हमारा छोटा सा प्रयास है, लेकिन हमें गर्व है कि हम लोगों की जिंदगी बचाने में योगदान दे पा रहे हैं। भामाशाह ब्लड डोनेट ग्रुप आज बालोद जिले में रक्तदान को जन-अभियान का रूप दे चुका है और समाज में मानवता की मिसाल पेश कर रहा है।

### स्वच्छता दीदीयों को 2 माह का भुगतान

**राजनांदगांव।** संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास छत्तीसगढ़ नवा रायपुर द्वारा नगर पालिक निगम राजनांदगांव में मिशन क्लीन सीटी योजना अंतर्गत स्वसहायता समूह की स्वच्छता दीदीयों को माह अक्टूबर 2025 का 31 लाख 61 हजार 568 रुपए तथा माह नवंबर 2025 का 32 लाख 22 हजार 124 रुपए मानदेय का भुगतान किया गया है। इस तरह नगर पालिक निगम राजनांदगांव द्वारा स्वच्छता दीदीयों को अक्टूबर एवं नवंबर माह में कुल 63 लाख 83 हजार 692 रुपए का भुगतान किया गया है। नगर पालिक निगम राजनांदगांव से प्राप्त जानकारी के अनुसार डोर-टू-डोर स्वच्छता का कार्य करने वाली दीदीयों को शासन की ओर से स्वीकृति प्राप्त होते ही राशि जारी की जा रही है। नगर पालिक निगम राजनांदगांव के 51 वार्ड में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण के लिए 17 एसएलआरएम सेंटर संचालित है, जहां 442 स्वच्छता दीदीयां कार्यरत है। स्वच्छता दीदीयों द्वारा घर-घर जाकर कचरा संग्रहण कर एसएलआरएम सेंटरों में कचरा पृथक्करण का कार्य किया जा रहा है।

---

### स्तन कैंसर से पीड़ित महिला ने मांगा न्याय

**राजनांदगांव।** स्तन में गांठ का इलाज कराने पहुंची पीड़िता ने गलत इलाज से कैंसर होने का आरोप लगाते अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है और न्याय की मांग की है। जिले के डोंगरगढ़ अछोली निवासी 38 वर्षीय श्रीमती किर्ति डकहा पति अरविंद डकहा ने श्रीराम कृपा हास्पिटल में बिना बायोप्सी जांच किए लापरवाहीपूर्वक आपरेशन करने की शिकायत कलेक्टर को की है।
पीड़िता ने बताया कि उनके ब्रेस्ट में गांठ की शिकायत होने पर वह बुधवारी पारा रोड नरसिंग मंदिर के समीप एक निजी अस्पताल में संपर्क कर अपनी बीमारी के संबंध में बताया, तब उनके द्वारा कहा गया कि मेरे यहां एलोपैथिक चिकित्सक आते हैं, उनके माध्यम से आपका ईलाज हो जाएगा, फिर 1 अगस्त 2024 को सीने में तकलीफ होने पर वह डाक्टर से संपर्क की तो उनके द्वारा 10 दिनों के लिए अंग्रेजी दवा लिखकर दिया गया, पर कोई आराम न मिलने पर वह पुनः डाक्टर से संपर्क की, तब करने पर फिर से दवा लिखकर दिया गया और सोनोग्राफी भी कराया गया। पीड़िता ने कहा कि उन्हें आराम मिलने के बजाय दिन-ब-दिन तकलीफ बढ़ने लगी, तब डॉक्टर द्वारा कहा गया कि स्तन में छोटी सी गांठ है, जिसे आपरेशन से निकाला जाएगा, तब सब कुछ सामान्य हो जाएगा। पीड़िता ने ज्ञापन में कहा कि सामान्य गांठ बताकर बिना किसी जांच उनका आपरेशन कर दिया गया।

# अब तक जिले में 63750 किसानों से 785 करोड़ की धान खरीदी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

■ अब तक 66873.25 क्विंटल धान का उठाव

जिले में धान खरीदी अभियान से किसानों में हर्ष व्याप्त है। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 अंतर्गत धान खरीदी महाभियान के तहत शासन द्वारा समर्थन मूल्य एवं कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों से 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर और प्रति एकड़ 21 क्विंटल तक के मान से धान खरीदी की जा रही है। कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशन में धान खरीदी सुचारू संचालन के लिए अच्छी व्यवस्था की गई है। धान खरीदी कार्य के लिए इलेक्ट्रानिक तौल मशीन, पेयजल, छांव, बायोमैट्रिक डिवाईस मशीन, श्रमिक एवं अन्य व्यवस्था की गई है। आर्द्रता मापी यंत्र से किसानों के धान का परीक्षण किया जा रहा है। जिले के सभी 96 धान खरीदी केन्द्रों में धान खरीदी की दर एवं सूची व फ्लैक्स लगाए गए है।

कलेक्टर ने धान खरीदी केन्द्रों की सतत निगरानी रखने तथा कोचियों एवं बिचौलियों से अवैध धान की खरीदी पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। धान बिक्री के लिए किसान टोकन तुंहर हाथ मोबाइल एप के माध्यम से टोकन प्राप्त कर रहे हैं। जिससे उनके समय की बचत हो रही है और उन्हें सुविधा मिल रही है। उल्लेखनीय है कि अब तक जिले में 63750 पंजीकृत किसानों से 785 करोड़ 42 लाख 45 हजार रुपए मूल्य का 3308026.80 क्विंटल धान की खरीदी की गई है। धान का उठाव भी लगातार जारी है। अब तक केन्द्रों से 66873.25 क्विंटल धान का उठाव किया गया है।

### बघेरा में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

**राजनांदगांव।** राष्ट्रीय आयुष मिशन अंतर्गत संचालित एनपीसीडीसीएस कार्यक्रम के तहत आयुष विभाग द्वारा आयुष्मान आरोग्य मंदिर बघेरा में निःशुल्क चिकित्सा एवं जनजागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 31 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिनमें 25 ग्रामीणों की उच्च रक्तचाप एवं मधुमेह की जांच की गई। परीक्षण उपरांत रोगियों को संतुलित आहार-विहार अपनाने की सलाह दी गई।

# राज्य स्तरीय परिचय सम्मेलन और आदर्श विवाह का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव




मानिकपुरी समाज द्वारा राज्य स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन, आदर्श विवाह, जिला और ब्लॉक पदाधिकारी के अलावा महिला मंडल का शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम का आयोजन शहर के गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम में किया गया। इस अवसर पर अतिथि के रूप में महापौर मधुसूदन यादव और पूर्व सांसद अभिषेक सिंह शामिल हुए।

महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि मानिकपुरी समाज द्वारा अपने समाज के युवक-युवती को उनके कौशल के आधार पर सामाजिक स्तर पर कम्प्यूटर के क्षेत्र में स्किल डेवलपमेंट करने की योजना केवल प्रशंसनीय ही नहीं, बल्कि अनुकरणीय भी है। साथ ही समाज द्वारा महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने उन्हें प्रशिक्षण देकर घर-घर स्वरोजगार के लिए प्रेरित कर आगे बढ़ाना भी महिलाओं की सशक्तिकरण की दिशा में एक उल्लेखनीय कदम है।

समाज के प्रदेश अध्यक्ष भरत दास मानिकपुरी द्वारा निगम मंडल में समाज के व्यक्तियों की नियुक्ति की मांग पर इस पर भी श्री सिंह ने विचार करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में पूर्व महापौर हेमा देशमुख ने कार्यक्रम में समाज में एकजटता और समन्वय की भूरि-भूरि प्रशंसा करते ऐसे आयोजन करते रहने का समाज से आव्हान किया तथा समाज को अपनी शुभकामनाएं एवं बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन विजय मानिकपुरी तथा आभार प्रदर्शन जिला अध्यक्ष ज्ञानदास मानिकपुरी ने किया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठगण अमर दास मोंगरे, केसरदार मानिकपुरी, लालदास मानिकपुरी, शेखर दास, महंत भीखम दास, एसडी बघेल, इमला मानिकपुरी, कांति, मनीषा मानिकपुरी एवं अंबागढ़ चौकी, मानपुर, मोहला, खैरागढ़, छुईखदान, गंडई, बालोद सहित छत्तीसगढ़ के अलावा महाराष्ट्र एवं उड़ीसा-झारखंड से सामाजिकजन भी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

**सामाजिक भवन निर्माण का दिया आश्वासन**

कार्यक्रम को पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने भी संबोधित करते कहा कि सामाजिकजनों को एक साथ जोड़ना बड़ा कठिन काम है, लेकिन यहां पर सामाजिकजनों की उपस्थिति ने यह साबित कर दिया है कि यदि पदाधिकारी का इरादा अटल हो तो कोई भी काम नामुमकिन नहीं है। इसके लिए उन्होंने समाज के जिला अध्यक्ष ज्ञानदास मानिकपुरी एवं आयोजन समिति के अध्यक्ष मनीष उर्फ पिंटू मानिकपुरी, ओम मानिकपुरी, विजेंद्र मानिकपुरी, सोमेश दास, प्रवीण दास, शहर इकाई के अध्यक्ष पूररनदास मानिकपुरी, उपाध्यक्ष धनेश्वर दास, सुशील दास, महंत अमरदास, मोंगरे, विजय मानिकपुरी, शेखर मानिकपुरी सहित समाज के समस्त पदाधिकारी एवं उपस्थित सामाजिकजनों को बधाई देते शुभकामनाएं दी तथा समाज के जिला स्तरीय सामाजिक भवन निर्माण के लिए डॉ. रमन सिंह से बात कर इसे शीघ्र पूर्ण करने का आश्वासन दिया।

# राष्ट्रीय वॉलीबॉल स्पर्धा, तीन दिवसीय कैंप का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव



शहर के वॉलीबॉल मैदान में तीन दिवसीय वॉलीबॉल सीनियर नेशनल वूमेन कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस कैंप में चयनित होने वाले खिलाड़ियों की टीम बनेगी, जो राष्ट्रीय वॉलीबाल प्रतियोगिता में प्रदेश का नेतृत्व करेंगी।

वाराणसी में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय महिला सीनियर वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करने खिलाड़ियों का चयन कैंप का आयोजन किया जा रहा है। 30 दिसंबर से 1 जनवरी तक तीन दिवसीय इस कैंप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा। छत्तीसगढ़ वालीबाल संघ के माध्यम से राजनांदगांव जिला वालीबाल संघ को इस कैम्प का आयोजन करने की जिम्मेदारी दी गई है, जहां इन खिलाड़ियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन वॉलीबॉल कोच रेखा पदम, संध्या धुर्वे और इरफान खान सहित अन्य प्रशिक्षकों द्वारा देखा जा रहा है। इस कैंप में शामिल हुई खिलाड़ियों में अपने चयन को लेकर उत्साह बना हुआ। वॉलीबॉल मैदान में सुबह और शाम मैच के माध्यम से खिलाड़ियों की खेल प्रतिभा को परखा जा रहा है। ताकि राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए 14 खिलाड़ियों की एक मजबूत टीम तैयार की जा सके।

---

## पेज 3 के शेष

### अष्टांग योग के आठ सूत्रों ...

का होना, साक्षी दृष्टा बनेंगे तभी योग आसान होगा। जब हम साक्षी होकर मन में चलने वाले विचारों का निरीक्षण करने लगते है तब धीरे-धीरे मन के विचारों की गति कम होने लगती है और मन एकाग्र हो जाता है।

मनुष्य सबसे ज्यादा अपने आप से बातें करता है, कल्पनाएं करते रहता है उनकी कल्पनाएं ज्यादातर नकारात्मक ही होती है जिसके कारण से जीवन में भय, चिंता, तनाव और बीमारियां है। अगर कल्पनाएं ही करना है तो अच्छी-अच्छी कल्पनाएं करें जिससे आपका जीवन सुख, शांति, आनंद से भर जाएगा। अंतिम दिवस पर बालोद की संचालिका बीके विजयलक्ष्मी दीदी ने आभार व्यक्त किए। रेडक्रास सोसायटी के चेयरमेन तोमन साहू व नगरपालिका उपाध्यक्ष कमलेश सोनी के द्वारा प्रो. ईवी. गिरीश भाई को मोमेंन्टो भेंट कर उनका स्वागत किया गया। वाह जिंदगी वाह कार्यक्रम के अंतर्गत जिन बातों को जाना समझा उन्हें गहराई से अभ्यास और अनुभव करने के लिए 5 दिवसीय शांति अनुभूति शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसका समय होगा सुबह 8 से 9 बजे व 11 से 12 तथा शाम 4 से 5 बजे व 8 से 9 बजे तक रखा गया है। कोई भी एक सत्र में सम्मिलित होकर इस शिविर का लाभ ले सकते है।

### केजीएन राईस मिल ....

के द्वारा एसडीएम रामकुमार सोनकर, तहसीलदार हनुमंत श्याम एवं खाद्य व कृषि उपज मंडी के निरीक्षकों की उपस्थिति में जांच की संपूर्ण कार्रवाई सुनिश्चित की गई। मामले में एसडीएम गुरूर आरके सोनकर ने कहा चिरचारी स्थित केजीएन राईस मिल में उपार्जन आदेश 2016 की कंडिकाओ का उल्लंघन पाया गया है। जिसके बाद उसको सील करने की कार्यवाही की गई।

### मेंट संघ का पंचवर्षीय ...

संगठन सचिव नकुल चंद्राकर भीमकन्हार ,संरक्षक विष्णु कोठारी, सलाहकार कीर्तन देवांगन, विक्रम साहू, प्रीतम साहू , कविता चतुर्वेदी, प्रेरणा स्त्रोत मुकेश धनकर, निर्मला साहू संचालक आजीविका मिशन रहे।कार्यक्रम में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया तथा शपथ समारोह कार्यक्रम आगामी 4 जनवरी 2026 दिन रविवार को सुबह 11:00 बजे से ग्राम पंचायत खरथुली में आयोजित होगा। जिसमें मुख्य अतिथि खिलावन साहू अध्यक्ष जिला मेंट संघ बालोद, अध्यक्षता विष्णु कोठारी संरक्षक ब्लॉक मेंट संघ डौंडीलोहारा तथा विशेष अतिथि कीर्तन देवांगन संचालक प्रदेश मेंट संघ, प्रीतम साहू सचिव जिला मेंट संघ बालोद, तीरथ राम साहू उपाध्यक्ष जिला मेट संघ बालोद एवं डौंडीलोहारा ब्लॉक मेंट संघ के समस्त जोन प्रभारी एवं समस्त मेंट साथी उपस्थित रहेंगे।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

## खबर संक्षेप



### सर्वसम्मति से बालोद जिला वैद्य संघ की नवीन कार्यकारिणी का किया गठन

**डौंडीलोहारा।** शंभु शक्ति स्वास्थ्य एवं सामाजिक सेवा संस्थान (छत्तीसगढ़ वैद्य संघ) के तत्वावधान में एवं प्रदेश अध्यक्ष वैद्य दशरथ नेताम के मार्गदर्शन में बालोद जिला वैद्य संघ की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की गई। गंगा मैया प्रांगण के समक्ष आयोजित बैठक में जिले भर के वैद्यजनों की उपस्थिति में सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का चयन किया गया।घोषणानुसार गजाधर राम कुम्हार उर्फ गजेंद्र चक्रधारी को जिला अध्यक्ष तथा रोमसिंह कौशिक को जिला सचिव नियुक्त किया गया। वहीं मुकेश आरदा को जिला सलाहकार बनाया गया है। विकासखंड स्तर पर डौंडी लोहारा से केवल सिंह कामडे, बालोद से विनय देशलहरे, गुरुर से घनश्याम सिन्हा, डौंडी से गंगूराम मंडावी तथा गुण्डरदेही से तिलेश कुमार साहू को विकासखंड अध्यक्ष नियुक्त किया गया। बैठक में सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर वैद्य कमलकांत कश्यप, उमेश पटेल, भोजराज, सुंदरलाल विश्वकर्मा, विजय देशलहरे, आनंदराम सहित अन्य वैद्यजनों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

### ग्राम डुडेरा में वार्षिक देव मड़ई 3 जनवरी को

**लाटाबोड़।** ग्राम डुडेरा (कुर्दी) में वार्षिक देव मड़ई शनिवार 3 जनवरी को रखा है। जहां आसपास के देवी स्वरुप डांग डोरी आकाश झूला मिठाई की दुकान मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेगा। सरपंच थलेश्वर सिन्हा ने जानकारी देते हुए बताया। वही ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए रात्रिकालीन मां के ममता छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी चिखली बांधा बाजार जिला मानपुर मोहला और आश्रित ग्राम लासाटोला में भुइया के सिंगार होच्चेटोला जिला बालोद वालों का कार्यक्रम रखा गया है।

### कमजोर बच्चों को सीमित पाठ्यक्रम से बोर्ड परीक्षा की कराएं तैयारी

**दुर्ग।** जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा ने मंगलवार को विकासखंड धमधा और दुर्ग अंतर्गत कई स्कूलों का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों से चर्चा के बाद शिक्षकों को आवश्यक देशा निर्देश दिए। जिला शिक्षा अधिकारी ने शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला करेली, कन्हारपूरी, तुमाकला परसदाखुर्द, बोरी, सेमरिया, हसदा, लिटिया, सेवती, हिर्री के निरीक्षण के दौरान विद्यार्थियों के कक्षा स्तरीय योग्यता की जानकारी ली तथा बारह खड़ी, इमला, पहाड़ा, धाराप्रवाह हिंदी व अंग्रेजी वाचन, हैंडराइटिंग सुधार के लिए अभ्यास के संबंध में शिक्षकों को आवश्यक निर्देश दिए। इसी प्रकार हाई व हायर सेकेण्डरी स्कूल धमधा, करेली, कंहारपुरी, तुमाकला, बोरी, लिटिया, हिर्री में बोर्ड परीक्षाओं हेतु डीईओ कार्यालय से भेजे गए प्रश्न बैंक विद्यार्थियों को उपलब्ध कराने, 5 वर्षो के बोर्ड के प्रश्न पत्रों को हल कराने, उन प्रश्नों के आधार पर प्रति सप्ताह टेस्ट परीक्षा आयोजित करने तथा मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाओं को विद्यार्थियो को देते हुए त्रुटियों को सुधरवाने सहित प्रायोगिक परीक्षाओ की तैयारियों के संबंध में आवश्यक निर्देश भी दिए। चिन्हांकित कमजोर बच्चों को सीमित पाठ्यक्रम से बोर्ड की तैयारी कराए जाने तथा मेघावी छात्रों को व्हाटशप ग्रुप के माध्यम से विशेषज्ञों से डाउट क्लियर करने के निर्देश भी दिए।

## निधन

### उमेंद्र कुमार यादव

**गुरूर।** ग्राम कोलिहामार निवासी उमेंद्र कुमार यादव 35 वर्ष का निधन मंगलवार को हो गया है, जिनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। वे रिखीराम यादव, श्याम बाई यादव के पुत्र, कोमल यादव के पति एवं प्रियांशु युक्ति के पिता थे।



**समस्या : वर्षों से केवल आश्वासन, जमीनी हकीकत जस की तस**

# जामगांव आर में स्वास्थ्य और डाक जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

दुर्ग जिला मुख्यालय से मात्र 35 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम जामगांव आर स्वतंत्रता के 75 साल बाद भी स्वास्थ जैसे मूलभूत सुविधा से वंचित है।

छत्तीसगढ़ का निर्माण हुए 25 साल हो गए, भाजपा और कांग्रेस दोनों की सरकार रही लेकिन जामगांव आर जैसे महत्वपूर्ण केंद्र में अस्पताल के अभाव में वेदनाओं से कराहती आम जनता की आवाज सुनाई नहीं पड़ पा रही। ग्रामीण पूछते है क्या नेता मूलभूत जरूरतों के लिए भी आंदोलन हड़ताल ही चाहती है। आवेदन और आश्वासन की लंबी फेहरिस्त बन चुकी है।

जामगांव आर में उपतहसील, शासकीय स्कूल कालेज थाना तो है लेकिन शासकीय चिकित्सालय का नही होना आम जनता के लिए दर्द भरी दास्तां है, अनेकों बार बीमार ग्रामीण उपचार त्वरित नहीं मिलने से शहर की ओर जाते समय रास्ते में दम तोड़ देते है। यह दर्दनाक स्थिति नेताओ के लिए आत्म अवलोकन का विषय है। 50 ग्रामों से जीवंत संपर्क रखने वाले 100 वर्षो से सेवा रत व्यापारिक केंद्र और शैक्षणिक केंद्र जहा 1000 से अधिक विधार्थियो का सीधा रोज का संबंध बना हुआ है। विडंबना है छोटे छोटे अंदर के गावो में स्वास्थ केंद्र है, जामगांव आर में तो यह भी नसीब नहीं है। विदित हो कि 2013 में जामगाव आर को ब्लाक बनाने की प्रक्रिया प्रारंभ हुई उस समय वर्तमान सांसद विजय बघेल, डॉ रमनसिंह प्रदेश भाजपा सरकार में क्षेत्र के विधायक संसदीय सचिव थे। इनके सहमति व सहयोग से सारी प्रक्रियाएं पूर्णता हासिल किया और सितंबर 2016 में राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने की खबर सामने आ गई। प्रक्रियाएं आगे बढ़ती किंतु 2018 में भाजपा प्रदेश सत्ता से बाहर हो गई। जामगांव आर विकासखंड दर्जा देने की मांग लेकर ग्रामीणों का एक प्रतिनिधि मंडल समाजसेवी चतुर सिंह साहू के नेतृत्व में 25 जनवरी 2019 को सीएम भूपेश बघेल से प्रत्यक्ष भेंटकर आवेदन देकर फरियाद किए थे। आश्वासन तो मिला लेकिन जामगांव आर को ब्लॉक का दर्जा नहीं मिल पाया। उल्लेखनीय है कि जामगांव आर में भवन आदि की माकूल व्यवस्था उपलब्ध है।

सरकार चाहे तो कम खर्च में भी विकासखंड प्रारंभ कर परेशान आम जनता के दर्द का निवारण कर सकती है। अंग्रेज जमाने से सायकल पर सवार होकर डाक थैला उपडाकघर गुण्डरदेही पहुंचाने का सिस्टम स्वतंत्रता के 75 साल बाद आज भी बरकरार है। शाखा डाकघर वाले आसपास के 13 ग्राम पंचायतो एवं सजग लोगों ने जामगांव आर में उपडाकघर खोलने की मांग करते हुए जामगांव आर के तात्कालिक सरपंच राजकुमार ठाकुर, तीरथ चन्द्राकर, डीडी मानिकपुरी, प्रवर अधीक्षक हरिश कुमार महावत से भेंटकर आवेदन सौंपे। विदित हो कि शाखा डाकघर से गुंडरदेही उपडाकघर की दूरी 13 से 30 किलोमीटर है जबकि जामगांव आर में उपडाकघर खुल जाने से सभी 13 शाखा डाकघर की दूरी 0 से मात्र 11 किलोमीटर हो जाएगी। साथ ही डाक विभाग के राजस्व में बेहिसाब इजाफा होगी। प्रतिलिपि पोस्ट मास्टर जनरल छतीसगढ़ रायपुर एवं मुख्यप्रबन्धक डाक विभाग भारत सरकार नई दिल्ली को रजिस्टर्ड डाक से प्रेषित की गई है।

जामगांव आर के आस पास 10 शाखा डाकघर है, जो आज भी डाक थैला सायकल पर सवार होकर गुण्डरदेही उपडाकघर पहुचाने विवश है। शाखा डाकघर निपानी रानीतराई की दूरी गुण्डरदेही से 30 किलोमीटर है जबकि जामगांव आर महज 11 किलोमीटर में स्थित है। शेष शाखा डाक घर रनचिराई, भाठागांव, बटरेल, धमना, सुरपा, करेला, बेल्हारी, पौहा, गाड़ाडीह मर्रा का जीवंत सम्पर्क है जो मात्र 3 से 11 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। जामगांव आर सरपंच राजकुमार ठाकुर ने बताया कि जामगांव आर में शासकीय कालेज, उपतहसील दो हायर सेकेन्डरी स्कूल दो बैंक पुलिस आरक्षीत केंद्र सहित अन्य संस्थाओं की सेवा के साथ 100 वर्ष पुराना व्यापारिक केन्द्र की सेवा उपलब्ध है। किंतु पर्याप्त डाक सेवा नही मिल पाती, वांछित डाक सेवा के लिए 36 किलोमीटर दुर्ग 19 किलोमीटर पाटन गुंडरदेही का मोहताज होना पड़ता है।

जामगांव आर करेला रानीतराई, निपानी, सुरपा, बेल्हारी, बटरेल, धमना, भाठागांव आर, रनचिराई, पौहा, गाडाडीह, मर्रा के तात्कालिक सरपंचों ने प्रवर अधिक्षक को बताए थे कि जामगांव आर में उपडाकघर अविलम्ब प्रारम्भ किया जाना आमजनता एवं डाक विभाग के हित मे वरदान साबित होगा। साथ ही शाखा डाक घरों को लंबी दूरी तय करने से निजात मिलेगी कर्मचारियों को भी राहत मिलेगी। सरपंचों ने अवगत कराया था कि जामगांव आर का जीवंत सम्पर्क 50 ग्रामों से है।






**आज के परिवेश में कथा का महत्व और संदेश**

# भागवत यज्ञ के सातवें दिन कंस वध एवं कृष्ण रुक्मिणी मंगल कथा का किया भव्य वर्णन





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

आमापारा बालोद में चल रहे श्रीमद् भागवत जान यज्ञ सप्ताह के सातवें दिन व्यास पीठ पर विराजमान भागवत कथा वाचक पं निरंजन महाराज ने कंस वध, श्री रुक्मणी मंगल कथा का वर्णन किया।

परायण कर्ता पंडित परमेश्वर महाराज हैं। उन्होने कहा कंस के बढ़ते अत्याचार को रोकने भगवान ने अवतार लिया और कंस का वध किया। उन्होंने कहा कि जब–जब धरती में अत्याचारी बढ़ जाते हैं तब तक भगवान किसी ने किसी रूप में अवतार लेते हैं। गौ, ब्राह्मण, देवताओं, और संतों की रक्षा करने हेतु भगवान बार बार अवतार लेते हैं। भागवत कथा के दौरान कृष्ण रुक्मणी विवाह की सुंदर झांकी भी निकाली गई। पं निरंजन महाराज ने बताया कि कंस का अत्याचार इतना बढ़ गया था कि चारों तरफ हाहाकार मचा हुआ था।
कोई भी व्यक्ति अपने आप को सुरक्षित महसूस नहीं कर रहा था। ऐसे में प्रभु को कृष्ण के रूप में अवतार लेना पड़ा। कृष्ण के जन्म लेते ही कंस ने उन्हें मारने की बहुत कोशिश की लेकिन वह कामयाब नहीं हुआ। कथा को आज के परिवेश में जोड़ते हुए पं निरंजन महाराज ने कहा कि जब–जब इस धरती में अत्याचार करने वालों की संख्या बढ़ जाती है तब तब भगवान कोई न कोई रूप में यहां जन्म जरूर लेते हैं। कलयुग में भी अत्याचार, दुराचार, पापाचार लगातार बढ़ते जा रहा है जो चिंता का विषय है। कृष्ण रुक्मणी विवाह के प्रसंग में उन्होंने बताया कि रुक्मणी का भाई रुक्मि अपने बहिन का विवाह शिशुपाल से करना चाहते थे। लेकिन रुक्मणी प्रभु से प्रेम करती थी, इसलिए प्रभु ने रुक्मणी का दुख दूर करने उनका हरण किया। कार्यक्रम में लेखा साहू व कुमार सिंह साहू सहित समस्त गुरु पंच परिवार उपस्थित थे।

# एकलव्य महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

- भाषण, वाद-विवाद व रंगोली प्रतियोगिताएं

शासकीय एकलव्य महाविद्यालय डौण्डीलोहारा में प्राचार्य डॉ रोशन आरा के निर्देशन एवं स्वीप कार्यक्रम अधिकारी पुरुषोत्तम भुआर्य के मार्गदर्शन में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत दिनांक 30 दिसंबर को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। भाषण में नेमा साहू प्रथम, भानेश्वरी द्वितीय एवं कुलेश्वरी ठाकुर तृतीय रही, वाद-विवाद में नेमा साहू एवं कुलेश्वरी ठाकुर प्रथम, पलक एवं सौलिहा द्वितीय रही, रंगोली में अंजू, उर्वशी, ललिमा प्रथम , लोकांक्षा सुमन, पल्लवी द्वितीय, हर्षिता, नेमा, कुलेश्वरी ठाकुर तृतीय रही, निबंध में हर्षिता प्रथम, नेहा पटेल द्वितीय, कुलेश्वरी तृतीय रही ,पोस्टर में जरीना बानो प्रथम, रिया द्वितीय, एवं प्रीतिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का प्रारम्भ मतदान करने की शपथ एवं रैली निकाल कर किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य, प्राध्यापक गण एवं छात्र-छात्राओं का सराहनीय योगदान रहा।






# सतनामी समाज का राष्ट्र स्तरीय वैवाहिक परिचय सम्मेलन 4 जनवरी को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी की ओर से राजधानी रायपुर में शहीद स्मारक भवन में 4 जनवरी रविवार को विवाह योग्य युवक–युवतियों का परिचय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। परिचय सम्मेलन सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगा। जिले से भी बड़ी संख्या में युवक–युवतियां सम्मिलित हो रही है।

सतनामी समाज द्वारा विवाह योग्य युवक–युवतियों के लिए राष्ट्र स्तरीय विशाल परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें अपने भावी जीवन साथी की तलाश में छ.ग. सहित अन्य प्रांतों से बड़ी संख्या में युवक–युवतियां अपने परिजनों के साथ राजधानी पहुंच रहे है, जहां बड़ी संख्या में वैवाहिक रिश्ते जुड़ेंगे। आयोजन समिति अध्यक्ष केपी. खण्डे, प्रवक्ता चेतन चंदेल एवं प्रदेश प्रतिनिधि संजय बारले ने बताया कि इस बार राजधानी में दसवें वर्ष का आयोजन होने जा रहा है जिसका प्रसारण बड़े – बड़े एलईडी. स्क्रीन के साथ फेसबुक लिंक के माध्यम से पूरे देश भर में इसे लाईव प्रसारित किया जाएगा।



कार्यक्रम दिवस 04 जनवरी को प्रतिभागियों के पंजीयन हेतु कार्यक्रम स्थल पर सुबह से ही तीन विशेष काउंटर खुले रहेगे, जहां अविवाहित युवक युवतियां प्रतिभागियों के अलावा समाज की विधवा, विधुर व वैध तलाक प्राप्त महिला, पुरुष भी अपना पंजीयन करवा सकेंगे। बिना पंजीयन किसी भी प्रतिभागी या उनके परिजनों को प्रवेश की अनुमति नहीं मिलेगी। कार्यक्रम में निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर भी लगाई जा रही है, जहां विभिन्न रोग विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम तैनात रहेंगी जो परामर्श के साथ चिकित्सकीय लाभ पहुंचायेंगे। कार्यक्रम स्थल में सभी आगंतुओं के लिए चाय, नाश्ता व भोजन की व्यवस्था उपलब्ध रहेगी साथ ही समिति की महिलाएं दोनों पक्षों की काउंसलिंग करवाकर ज्यादा से ज्यादा रिश्ता कायम करने अपनी भूमिका निभायेंगी। सम्मेलन के 15 दिवस पश्चात सभी पंजीकृत प्रतिभागियों की रंगीन फोटोयुक्त बायोडाटा वैवाहिक पत्रिका प्रकाशित कर उसे निःशुल्क आवंटित करेंगे। परिचय सम्मेलन में विवाह के लिए रिश्ता ढूंढ रहे सतनामी समाज के योग्य बेटा, बेटियों तथा उनके अभिभावकों को कार्यक्रम में भाग लेकर लाभ लेने की अपील की गई है। उपरोक्त जानकारी अध्यक्ष जिला सतनामी समाज बालोद संजय बारले ने दी।

# मोहारा में श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाई गुरु घासीदास जयंती



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

सतनामी समाज मोहारा द्वारा गुरु घासीदास जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सभापति जिला पंचायत बालोद लक्ष्मी अशोक साहू थी। अध्यक्षता अध्यक्ष परीक्षेत्रीय सतनामी समाज अरमरीकला वासुदेव मारकंडे ने किया।

विशेष अतिथि सभापति जनपद पंचायत गुरुर डॉ हरिकृष्ण गंजीर, सरपंच ग्राम पंचायत मोहारा तेश्वरी नेताम, सरपंच ग्राम पंचायत जेवरतला लिलेश्वरी साहू, सरपंच ग्राम पंचायत ओझागहन गंगाबाई साहू, उप सरपंच ग्राम पंचायत मोहारा दिनेश्वर सिन्हा, अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति मोहारा केशव राम धनकर, जिला महामंत्री स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ रायपुर डॉ कमलेश साहू, जिला सचिव स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ जिला बालोद डॉ नरेंद्र सार्वा, शिक्षक किशोर साहू के अतीथ्य में संपन्न हुआ। गुरु घासीदास की तैल चित्रें पर पूजा अर्चना कर झंडा चढ़ाया गया, अतिथियों ने उद्बोधन के माध्यम से विश्व के महान संत छत्तीसगढ़ में सतनाम के अलख जगाने वाले, जाती–पाती का भेद मिटाने वाले तथा मनखे मनखे एक समान का संदेश देने वाले सतनाम धर्म के प्रवर्तक गुरु घासीदास बाबा की जीवनी पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर जग के अंजोर पंथी पार्टी का पंथी नृत्य हुआ। इस अवसर पर मनोज बंजारे, ओमप्रकाश बंजारे, मिथिलेश बंजारे, जय किशन बंजारे, भूपेंद्र बंजारे, प्रीतम बंजारे, प्रभु राम बंजारे, मोहन बंजारे, धुर सिंह बंजारे, गंगा प्रसाद बंजारे, अमर सिंह बंजारे, देवनारायण बंजारे, चिंताराम देशलहरे एवं सतनामी समाज के सदस्य एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

### ग्राम मासूल में धूमधाम से मनाई गई बाबा गुरु घासीदास जयंती




**बालोद।** गुण्डरदेही विकासखंड के ग्राम मासूल में सतनाम पंथ के प्रवर्तक और महान समाज सुधारक बाबा गुरु घासीदास की जयंती का भव्य समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर सम्मिलित हुईं। कार्यक्रम का शुभारंभ जैतखाम की पूजा–अर्चना और सफेद ध्वज फहराने के साथ हुआ। तारणी चंद्राकर ने बाबा गुरु घासीदास के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर क्षेत्र की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास ने समाज को मनखे–मनखे एक समान का जो संदेश दिया, वह आज भी प्रासंगिक है। उनके बताए सत्य, अहिंसा और सामाजिक समरसता के मार्ग पर चलकर ही हम एक आदर्श समाज का निर्माण कर सकते हैं। बाबा जी का आशीर्वाद हम सब पर बना रहे। समारोह में पंथी नृत्य की प्रस्तुति दी गई। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामीणों ने इस उत्सव का आनंद लिया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत बालोद सोनादेवी देशलहरे, अध्यक्ष भाजपा मंडल गुण्डरदेही युवराज मारकंडे, अध्यक्ष तहसील सतनामी समाज गुण्डरदेही नीलकंठ टंडन, खोरबाहरा राम कुर्रे, मानसिंह देशलहरे, सूबेदास रात्रे जिला महंत, सुहागा बाई कुर्रे, चंदूलाल कुर्रे, कुणाल कुर्रे, अध्यक्ष सतनामी समाज मासूल नरेंद्र गेन्डरे, सोहन गेन्डरे, विश्वनाथ चंद्राकर एवं पंथी पार्टी के कलाकार उपस्थित थे।

**सनातन संस्कृति की रक्षा पर दिया गया जोर**

# फागुनदाह के विशाल हिंदू सम्मेलन में नौ गांवों के ग्रामीण हुए शामिल



हरिभूमि न्यूज:गुरूर

विकासखण्ड में हिंदू सम्मेलन आयोजन करने के क्रम में मंडल फागुनदाह में विशाल हिंदू सम्मेलन 31 दिसम्बर को मनाया गया। सम्मेलन में नौ गांवो के ग्रामीण सम्मिलित हुए।

संघ शताब्दी वर्ष के परिपेक्ष्य में वृहद हिंदू सम्मेलन पूरे राष्ट्र में मनाया जा रहा है, गुरुर खंड के मंडल फागुनदाह में विशाल हिंदू सम्मेलन मनाया गया। जिसमें मुख्य वक्ता प्रांत सेवा प्रमुख छ.ग तुलसी दास, सामाजिक प्रमुख जितेंद्र शर्मा, समाजसेवी सुनीता संजय साहू, जिला कार्यवाह संतोष साहू, जिला प्रचारक, विभाग व्यवस्था प्रमुख मिलेंद्र, खण्ड कार्यवाह सुपेश साहू, सह खंड कार्यवाह लिकेश हिंदू, जिला शारीरिक प्रमुख जितेंद्र साहू, अजय साहू, हेमंत, होमशंकर, अरुणेंद्र साहू, अरुण साहू, हेमंत चौधरी, तोषण, यशवंत, टोमन, यदिप, अशोक साहू, माधव, आत्माराम, नेतराम, भुवन, दुष्यंत एवं नौ ग्रामो के सर्व समाज प्रमुख, ग्राम प्रमुख जन उपस्थित थे।



वक्ताओ ने कहा आज हिन्दू समाज के जागृत करने गए हुए को वापस लाने एवं अपनो को संगठित होकर रहने की आवश्यकता है। विदेशी अक्रान्ताओ द्वारा भारत को खण्ड खण्ड करने, सनातन संस्कृति को कमजोर करने का सड़यंत्र किया जा रहा है। समाज को जाति में बांटकर सनातन की ताकत को कमजोर करने का काम किया जा रहा है। हमे विदेशी एवं विधर्मियो के कुचक्र को समझना है एवं सनातन संस्कृति को पुनः वापस अपने वैभव पर स्थापित करना है। सनातन संस्कृति की मूल आधार गीता, गंगा, गायत्री, गौ को पुनः स्थापित करना है।

यह फागुनदाह, उतरवारा, नरबदा, सरबदा, दर्रा, खर्रा, दियाबाती, भर्तिगांव, पेरपार 9 गांवों की विशाल संख्याओं में सनातन धर्म सर्व हिन्दू समाज एवं इस आयोजन में सांस्कृतिक कार्यक्रम व आमदी के मानस मंडली श्रोताओं को राम कथा के साथ जोड़े रखा, क्षेत्र के सनातन धर्म सहपरिवार अधिक संख्या में मानस जन उपस्थित रहें।

यहां वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, लकवा रोग, बवासीर, पेट रोग, पुरुषों के गुप्त रोग, स्त्री रोग-सफेद पानी आना, मासिक रूकावट केश रोग, मूत्र रोग, शुगर रोग, चर्म रोग, बुखार, सर्दी, खांसी, स्वांस रोग व दांत रोग के इलाज में
तुरंत आराम के लिए
बाबा आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - हाउसिंग बोर्ड कालोनी पोटियाडीह, धमतरी
मो.न. : 8319983810
यहां डॉक्टर का फीस नहीं लगता
खुलने का समय सुबह 8 से 9 बजे तक